<u>स्ट्रीट हैंडबॉल के नियम:</u>

एक ऐसा खेल जिसे सभी खेल सकते हैं (बच्चे/युवा/प्रौढ़) और इसे खेल भावना से, नियमों का पालन करते हुए खेलना चाहिए।

- ईमानदारी से खेलें और किसी के शरीर को स्पर्श न करें। किसी से छीनना (टैकल करना) नहीं, केवल शॉट रोकना, आप अपने विपक्षी से बॉल तभी अपने कब्ज़े में ले सकते हैं, जब वह "फ्री" हो.(हवा में अथवा ज़मीन पर)।
- बॉल हाथ में रखकर अधिकतम 3 कदम आगे जा सकते हैं/ कोई ड्रिब्लिंग (टप्पे देना) नहीं।
- 3 खिलाड़ी + 1 गोलकीपर (यानी 1 वीएस 1, 2 वीएस 2 आदि, खेल के मैदान के आकार के आधार पर, अधिकतम 7 के विरुद्ध 7 खेल सकते हैं।
- प्रत्येक निर्णय खिलाडियों के बीच बातचीत के आधार पर लिया जाता है (इसमें रैफ्री शामिल हो भी सकता है और नहीं भी)

स्ट्रीट हैंडबॉल का मैदान (एस एच कोर्ट):

- मैदान में 2 गोल बने होते हैं, जिनकी दिशा में खेलना होता है, प्रत्येक गोल के सामने अर्द्ध गोलाकार अथवा सीधी रेखाओं के माध्यम से गोल क्षेत्र प्रदर्शित होता है, जो (खिलाडियों की उम्र (बच्चे अथवा वयस्क) के अनुसार 4 अथवा 6 मीटर होता है। मैदान के आकार के संबंध में आप निर्णय ले सकते हैं(जैसे 10 X 15)। यह इस पर निर्भर होगा कि मोहल्ले/ बाज़ार/ नगर के चौराहे/ स्कूल के प्रांगण/ कार पार्किंग/ मोहल्ला क्षेत्र अथवा सड़क का कौन सा क्षेत्र उपलब्ध है अथवा आपको उपलब्ध हैंडबॉल का आंतरिक या बाहरी मैदान।
- स्ट्रीट हैंडबॉल हर जगह खेला जा सकता है।

आप चुनें:

स्कोरिंग प्रणाली (अथवा अंकों की गिनती किए बिना ही खेलें; क्योंकि खेल तो आनंद प्राप्त करने के लिए है)।
1 अंक = मानक गोल ।

- 2 अंक = बॉल आपके पीछे की तरफ और पैरों के बीच से खेली गई, 6 मीटर पेनल्टी शॉट, गोलकीपर द्वारा स्कोर, गोल शानदार एक्शन के साथ किया गया, जैसे इन-फ्लाइट/पिरुएट (रेफ्री के विवेकाधिकार पर) महिला खिलाड़ी द्वारा गोल (मिश्रित टीम के मामले में) ।
- अवधि: 1x10 अथवा 2x10 मिनट। टीमों की संख्या के आधार पर।
- प्रत्येक टीम के लिए यह आवश्यक है कि गोल की तरफ निशाना दागने से पहले, टीम के खिलाडियों के बीच कम से कम 3 'पास' दिए गए हों।
- खिलाडियों की कोई स्थायी 'पोजीशन' नहीं है, प्रत्येक खिलाड़ी गोलकीपर बन सकता है। गोलकीपर आक्रमण में शामिल हो सकता है।

डेनमार्क स्ट्रीट हैंडबॉल इंटरनेशनल,

हम आउटडोर हैंडबाल के खेल को गंभीरता से लेते हैं !

info@streethandball.com
<u>www.streethandball.com</u>
#streethandball #streethbevent #shrules #sh2goals #shfairplay #shvolunteer

स्ट्रीट हैंडबॉल के नियम:

- रक्षक टीम से संख्या में अधिक होने से, गोल पर अधिक शॉट लगाने का अवसर मिलता है।
- स्ट्रीट हैंडबॉल की पहचान है 'प्रवाह', खेल को निरंतर चलने दें, बाधाओं से बचें (जैसे आप इस बात की अनदेखी कर सकते हैं कि किसी खिलाड़ी ने गोल क्षेत्र की लाइन को छू दिया, 4 कदम आदि") ।
  Page 1
- सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी / टीम को खेल भावना से खेलने संबंधी डिप्लोमा/ ट्राफी ।
- स्ट्रीट हैंडबॉल के लिए कोई भी बॉल / हैंडबॉल / सॉफ्ट हैंडबॉल/ विशिष्ट बॉल प्रयोग में लाई जा सकती हैं।
- आप सभी (लड़कियां और लडके) हैंडबॉल खेलें और आनंद लें, आप 'डी जे' के साथ भी खेल सकते हैं।

ये नियम केवल सामान्य मार्ग निर्देश हैं: ये निर्णय आपको लेना है कि आपके मोहल्ले में हैंडबॉल किस प्रकार खेला जाएगा । टीम भावना का आनंद लें।

स्ट्रीट हैंडबाल के आयोजन/दौरे/चुनौती/कप/टूर्नामेंट/चैंपियनशिप संबंधी अपने अनुभव यहां साझा करें-

Street Handball International, Denmark
We take outdoor handball seriously!
info@streethandball.com
www.streethandball.com



डेनमार्क स्ट्रीट हैंडबॉल इंटरनेशनल,
हम आउटडोर हैंडबाल के खेल को गंभीरता से लेते हैं !
info@streethandball.com
www.streethandball.com

#streethandball #streethbevent #shrules #sh2goals #shfairplay #shvolunteer

facebook.com/streethandball - instagram.com/streethandballcom - twitter.com/streethandball - youtube.com/streethandball